F. No. M-II-16/58/2022-Museum-II
Government of India
Ministry of Culture

Kartavya Bhavan-2,
New Delhi-110001

Dated the 27 July, 2026

**VACANCY CIRCULAR**

**Subject: Filling up the post of Director General, National Research Laboratory for Conservation of Cultural Property (NRLC), Lucknow under Ministry of Culture on Deputation (Including Short Term Contract) or on Contract basis.**

Applications are invited for appointment to the post of Director General, NRLC in the Pay Band-4: Rs.37400-67000, Grade Pay Rs.10000/- (Level-14 of the Pay Matrix as per 7th CPC), General Central Service, Group 'A' Gazetted (Non-Ministerial) on Deputation (Including Short Term Contract) or on contract basis.

2. **Eligibility**

**(I) Deputation (Including Short Term Contract) basis**

**(a)** Officers of the Central Government or the State Governments or Union Territories or Public Sector Undertakings or Universities or recognised Research Institutions or Statutory and Autonomous organisations-

(i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or

(ii) with three years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in posts in the Pay Band-4 (Rs.37,400 - 67,000) plus grade pay of Rs.8,700 (Level-13 of the Pay Matrix as per 7th CPC) in the parent cadre or department; and

**(b)** Possessing the following educational qualifications and experience:-

**Essential**

(i) Master's degree in Chemical/ Physical/ Biological/ Environmental/ Earth Sciences or Bachelor's degree in Engineering or Technology with specialisation in Metallurgy or Material Science from a recognised University; and

(ii) Fifteen years experience in practical or research / teaching in the field of conservation of cultural property like stones, metals, ceramics, textiles, wood, manuscripts, bone and ivory, paintings, sculptures;

(iii) Having experience of conducting and guiding research in the field of conservation of antiques and art objects (proof of having published books, articles and monographs relating to conservation aspects to be furnished); and

(iv) Having experience of planning, setting up and administering a conservation laboratory.

**Desirable**

(i) Doctorate degree in Conservation from recognised University;

(ii) Knowledge of editing and publishing technical journals;

(iii) Study or working experience in the developed conservation laboratories in foreign countries;

(iv) Knowledge of foreign languages other than English, like French, Italian, German or Russian; and

(v) Post-graduate Diploma or Degree in Management from a recognised University.

**Note1:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall not exceed five years.

**Note 2:** The maximum age limit for appointment by deputation shall not be exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.

**Note 3**: For purpose of appointment on deputation basis, the service rendered on a regular basis by an Officer prior to the 1st January, 2006 or the date from which the revised pay structure based on the Sixth Central Pay Commission recommendations have been extended, shall be deemed to be service rendered in the corresponding grade pay or pay scale extended based on the recommendations of the Commission except where there has been merger of more than one pre revised scale of pay into one grade with a common grade pay or pay scale, and where this benefit will extend only for the post for which that grade pay or pay scale is the normal replacement grade without any upgradation.

**(II) Contract**

Persons possessing the educational qualifications and experience as specified in item (b) above for appointment by deputation.

**Note 1:** The maximum age limit for appointment on contract basis shall not exceed sixty-seven years as on the closing date for receipt of applications.

**Note 2:** Appointment on contract basis shall be for a period of three years and may be extended subject to satisfactory performance and maximum age limit of seventy years.

**Note 3:** In case of appointment on contract basis, the terms and conditions of service of the incumbent shall be as applicable to Group 'A' officer of the Central Government holding analogous post.

3. Applications, of the officers applying for on deputation basis (who can be spared in the event of their selection) shall be submitted in duplicate, in the prescribed proforma placed

**Note 3:** In case of appointment on contract basis, the terms and conditions of service of the incumbent shall be as applicable to Group 'A' officer of the Central Government holding analogous post.

3. Applications, of the officers applying for on deputation basis (who can be spared in the event of their selection) shall be submitted in duplicate, in the prescribed proforma placed below (Annexure-I & Annexure-II) alongwith complete and up-to-date CR/APAR dossiers for the last five years should reach the undersigned through proper channel within a period of 60 days from the date of publication of the advertisement in the Employment News. Applications received after the last date or otherwise found incomplete will not be considered.

(Niranjan Kumar Choudhary)
Under Secretary to the Government of India
Work Hall 22108, Kartavya Bhavan-2,
New Delhi-110001
Tele: 24014241
e-mail: museum2-cul@gov.in

To

1. All Ministries/Department of Govt. of India with the request for further circulation of vacancy among all the Attached/Subordinate Offices/ Autonomous Bodies/Public Sector Undertakings/ Universities/ Recognized Research Institutions/ Statutory/ Autonomous Organizations under their control.

2. Chief Secretaries of all States/Union Territories.

3. Director General, NRLC, Lucknow for displaying at their notice board and website.

4. Attached/Subordinate Offices/Autonomous Organisations under the Ministry of Culture.

5. NIC for placing on the website of the Ministry.

Annexure-I

# BIO-DATA PROFORMA

1. Name and address (in Block letters):
2. Date of Birth (In Christian era):
3. Date of retirement under Central/State Government:
4. Educational Qualification:
5. Service to which you belong (if applicable):
6. Whether belong to SC/ST/OBC:
7. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requirement of the post and under which mode of recruitment (Deputation (ISTC) or on Contract):
8. Details of employment, in chronological order, enclose a separate sheet, duly authenticated by your signature if the space below is insufficient:

| Office/Institute | Post Held | From | To | Scale of Pay and Basic Pay | Nature of duties |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

9. Nature of present employment i.e. ad-hoc or (temporary) quasi-permanent or permanent:
10. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state:-
    a) The date of initial appointment
    b) Period of appointment on deputation/contract
11. Additional details about present employment. Please state whether working under:-
    a) Central Government
    b) State Government
    c) Autonomous Organisation
    d) Government Undertaking
    e) Universities
12. Are you in revised scale of pay? If yes, give the date from which the revision took place (Please indicate the pre revised scale as well):

13. Existing total emoluments drawn per month:

14. Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post (Please enclose a separate sheet):

15. Remarks:

Signature of Candidate

Address.....................

Mob:

e-mail ID:

-

-

**Annexure-II**

## Forwarding Note by the Employer

## (For applications under Deputation mode)

It is cerftified that:

(i) Information given in the above proforma is correct as per the service records of the applicant

(ii) The applicant is clear from vigilance angle.

(iii) The integrity of the applicant is beyond doubt.

(iv) That no major/minor penalty has been imposed on the applicant in last 10 years.

(v) The cadre controlling authority of the applicant has given its clearance for his applying for the above post.

(vi) The ACR dossier of the applicant is enclosed with the application.

(Signature with seal of the authorized signatory on behalf of the employer)

फाइल सं. एम-II-16/58/2022-संग्रहालय-II

भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

कार्य कक्ष सं. 22108, द्वितीय तल,
कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 27 जुलाई, 2026

**रिक्ति परिपत्र**

विषय : संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा संरक्षण अनुसंधानशाला (एनआरएलसी), लखनऊ में महानिदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) या संविदा के आधार पर भरना।

महानिदेशक, एनआरएलसी के पद पर वेतन बैंड-4 : 37400-67000 रु., ग्रेड वेतन 10,000 रु. (सातवें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स का लेवल-14), सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित (अननुसचिवीय) में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. पात्रता

**(I) प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) आधार पर**

**(क)** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या सांविधिक तथा स्वायत्त संगठनों के ऐसे अधिकारी:

(i) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है; या

(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में 8700/-रु. (सातवें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स का लेवल-13) के ग्रेड-वेतन के साथ वेतन बैंड – 4, 37,400-67000/- रु.) के पदों पर नियमित आधार पर अपनी नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में तीन वर्ष सेवा की हो; और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते हों :-

**आवश्यक**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से धातुकर्म विज्ञान या पदार्थ विज्ञान में विशेषज्ञता सहित रासायनिक/भौतिक/ जैविक/ पर्यावरण/पृथ्वी विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री या इंजीनियरी या प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री; तथा

(ii) पत्थरों, धातुओं, सिरेमिक्स, वस्त्रों, काष्ठ, पांडुलिपियों, अस्थि और हाथी दांत, पेंटिंग, मूर्तियों जैसी सांस्कृतिक संपदा के संरक्षण के क्षेत्र में व्यावहारिक या अनुसंधान/अध्यापन में पन्द्रह वर्ष का अनुभव ;

(iii) पुरावस्तुओं और कला वस्तुओं के संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान करने और मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुभव हो (संरक्षण के पहलुओं से संबंधित पुस्तकें, लेख और मोनोग्राफ प्रकाशित करने का प्रमाण प्रस्तुत किया जाए); तथा

(iv) किसी संरक्षण प्रयोगशाला की योजना तैयार करने, स्थापित करने और संचालित करने का अनुभव हो।

**वांछनीय**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संरक्षण में डॉक्टरेट की डिग्री;

(ii) तकनीकी पत्रिकाओं को सम्पादित करने और प्रकाशित करने का ज्ञान;

(iii) विदेशों में विकसित संरक्षण प्रयोगशालाओं में अध्ययन अथवा कार्य करने का अनुभव;

(iv) अंग्रेजी के अलावा फ्रेंच, इतालवी, जर्मन अथवा रूसी जैसी विदेशी भाषाओं का ज्ञान;

(v) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा अथवा डिग्री;

**टिप्पण 1 :** केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पण 3 :** प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति करने के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2006 से पहले या जिस तारीख से छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, से नियमित आधार पर की गई सेवा वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित सदृश ग्रेड वेतन या वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी, के सिवाय उस दशा के, जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों को समान ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय कर दिया गया है, और वहां यह लाभ केवल उस पद (पदों) पर विस्तारित होगा, जिसके (जिनके) लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड है,

**(II) संविदा**

ऐसे व्यक्ति, जिनके पास प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए उपरोक्त मद (ख) में यथा विनिर्दिष्ट शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है।

**टिप्पण 1 :** संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तारीख को सत्तर वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**टिप्पण 2** : संविदा के आधार पर नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी तथा संतोषजनक कार्य निष्पादन के अध्यधीन बढ़ाई जा सकेगी और अधिकतम आयु-सीमा सत्तर वर्ष होगी।

**टिप्पण 3** : संविदा के आधार पर नियुक्ति के मामले में, पदधारी की सेवा की निबंधन और शर्तें वही होंगी जो केन्द्रीय सरकार के सदृश पद धारण करने वाले समूह 'क' के अधिकारी पर लागू होती हैं।

3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अधिकारियों से (जिन्हें उनके चयन होने की स्थिति में कार्यमुक्त किया जा सकता है) आवेदन पत्र नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र (अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II) में दो प्रतियों में प्रस्तुत किए जाएंगे। अधिकारियों के विगत पांच वर्षों की पूर्ण और अद्यतन सीआर/एपीएआर डोजियर, रोजगार समाचारपत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को पहुंच जाने चाहिए। अंतिम तारीख के पश्चात प्राप्त आवेदनों अथवा अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(निरंजन कुमार चौधरी)
अवर सचिव, भारत सरकार
टेलीफोन :24014241
कार्य कक्ष सं. 22108, द्वितीय तल,
कर्तव्य भवन-2, नई दिल्ली-110001
**ई-मेल**: museum2-cul@gov.in

सेवा में

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को उनके नियंत्रणाधीन सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्द्धसरकारी/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थाओं में इस रिक्ति को आगे परिचालित करने हेतु अनुरोध सहित।
2. सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
3. महानिदेशक, एनआरएलसी, लखनऊ को उनके नोटिस बोर्ड और उनकी वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के लिए।
4. संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय/स्वायत्त संगठन।
5. एनआईसी को मंत्रालय की वेबसाइट पर इसे प्रदर्शित करने के लिए।

अनुलग्नक-I

## जीवन वृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) :

2. जन्म की तारीख (ईस्वी सन में) :

3. केन्द्रीय/राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. शैक्षिक अर्हता :

5. वह सेवा जिससे आप संबंधित हैं (यदि लागू हो) :

6. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग से संबंधित हैं :

7. कृपया स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आपके द्वारा की गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के आलोक में आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और भर्ती की किस पद्धति (प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) अथवा संविदा आधार पर) के अंतर्गत आवेदन कर रहे हैं :

8. काल क्रमानुसार, नियोजन का विवरण, यदि नीचे दिया हुआ स्थान अपर्याप्त हो, तो कृपया अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत सत्यापित की गई एक अलग शीट संलग्न करें :

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

9. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात तदर्थ या (अस्थायी) या अर्द्ध-स्थायी या स्थायी :

10. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है तो कृपया निम्नलिखित का उल्लेख करें :

क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख

ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

11. वर्तमान नियोजन के संबंध में अतिरिक्त विवरण। कृपया उल्लेख करें कि आप किसके अधीन कार्य कर रहे हैं :-

क) केन्द्रीय सरकार

ख) राज्य सरकार

ग) स्वायत्त संगठन

घ) सरकारी उपक्रम

ड.) विश्वविद्यालय

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, तो उस तारीख का उल्लेख करें जबसे संशोधन लागू हुआ है (कृपया संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें) :

13. वर्तमान में प्रतिमाह प्राप्त की जा रही कुल परिलब्धियां :

14. अतिरिक्त सूचना यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हों (कृपया अलग से शीट संलग्न करें) :

15. अभ्युक्तियां :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता_______________

मो. नं.

ई-मेल आईडी:

अनुलग्नक-II

## नियोक्ता द्वारा अग्रेषण नोट

## (प्रतिनियुक्ति पद्धति के अंतर्गत आवेदनों के लिए)

प्रमाणित किया जाता है कि :

(i) उपर्युक्त प्रोफार्मा में दी गई जानकारी आवेदक के सेवा अभिलेख के अनुसार सही है।

(ii) आवेदक सतर्कता दृष्टिकोण से मुक्त है

(iii) आवेदक की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(iv) पिछले 10 वर्षों में आवेदक पर कोई भी दीर्घ/लघु शास्ति अधिरोपित नहीं की गई है।

(v) आवेदक के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी ने उपर्युक्त पद के लिए उनके आवेदन करने के लिए अपनी निकासी संबंधी मंजूरी प्रदान कर दी है।

(vi) आवेदन पत्र के साथ आवेदक की ए सी आर डोजियर संलग्न है।

(नियोक्ता की ओर से प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के मोहर सहित हस्ताक्षर)